सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

जालंधर ब्रीज

प्रेरणा

"उसी का कार्य सिद्ध होता है, जो समय को विचार कर कार्य करता है।"

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 10 FEBRUARY TO 16 FEBRUARY 2023 • VOLUME 30 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA | AUSTRALIA | USA | U.K | SINGAPORE | EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

विपक्ष की नारेबाजी के बीच सीना ठोक कर बोले पीएम मोदी-

एक अकेला कितनों पर भारी...

नई दिल्ली. 8 फरवरी को जब प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में बोले थे तो विपक्ष सन्नाटे में चला गया था। 85 मिनट के स्पीच में मोदी ने 2024 की चुनावी स्टैट्रजी का ब्लू प्रिंट सामने रखा। पीएम मोदी ने विरोधियों को बता दिया कि चुनाव जीतना है और सरकार बनानी है तो हवाबाजी नहीं चलेगी। अब बारी राज्यसभा की थी।

राज्यसभा में हंगामे के बीच पीएम मोदी ने कांग्रेस पर चुभते सवाल दागे। पूछा नेहरू सरनेम में शर्मिंदगी क्यों? पीएम मोदी ने कहा कि देश देख रहा है एक अकेला कितनों पर भारी है। कमल और कीचड़ का जिक्र कर पीएम ने विरोधियों पर तंज भी कसा। विपक्ष के हर आरोप पर प्रधानमंत्री गरजे, कांग्रेस के हर हमले पर राज्यसभा में बरसे। विपक्ष शोर करता रहा और प्रधानमंत्री बोलते रहे। परिवारवाद को लेकर तंज कसा, कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़े किए।

अनुच्छेद 356 के तहत आपातकालीन शक्तियों को लागू करके राज्य मशीनरी पर नियंत्रण रखने के अपने इतिहास के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये सबसे पुरानी पार्टी थी जिसने संवैधानिक प्रावधानों का सबसे अधिक दुरुपयोग किया और निर्वाचित राज्य सरकारों को अपनी इच्छा से गिरा दिया। पीएम मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने बिजनेसमैन गौतम अडानी को लेकर नारे भी लगाए लेकिन फिर भी वो लगातार बोलते रहे। पीएम मोदी ने कहा कि इतना ही नहीं, एक प्रधानमंत्री ने अर्धशतक लगाते हुए 50 बार 'अनुच्छेद 356' का इस्तेमाल किया। वह नाम श्रीमती इंदिरा गांधी जी का है।

पीएम मोदी ने कहा कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है... नारे बदलने के लिए उन्हें बदलाव करना पड़ रहा है... घंटे भर से आवाज नहीं रोक पाए हैं क्योंकि देश के लिए जीता हूं... देश के लिए कुछ करने के लिए निकला हूं।'' उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर हमला करते हुए कहा कि राजनीतिक खेल खेलने वाले लोगों के अंदर वह हौसला नहीं है। उन्होंने कहा, ''वे बचने का रास्ता खोज रहे हैं।

जितना कीचड़ उछालोगे उतना कमल खिलेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके आरोपों की 'कीचड़' से 'कमल' को खिलने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह अकेले ही पूरे विपक्ष पर भारी पड़ रहे हैं, जिन्हें उनके विरोध में बारी-बारी से नारेबाजी करनी पड़ती है। अपनी छाती ठोकते हुए मोदी ने कहा कि वह देश के लिए जीते हैं और देश के लिए कुछ करना चाहते हैं, जिससे विपक्षी दल परेशान हैं तथा खुद को बचाने के लिए राजनीतिक खेल खेल रहे हैं।

नेहरू सरनेम रखने पर आपत्ति क्यों?

गांधी-नेहरू परिवार को निशाने पर लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि किसी अखबार में पढ़ा था कि 600 सरकारी योजनाएं गांधी-नेहरू परिवार के नाम पर हैअगर नेहरू जी के नाम उल्लेख ना हुआ तो कुछ लोगों के बाल खड़े हो जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नेहरू परिवार की पीढ़ी को नेहरू नाम रखने पर आपत्ति क्यों है। पीएम मोदी ने कहा कि 60 साल कांग्रेस के परिवार ने गड्ढे ही गड्ढे कर दिए थे... जब वो गड्ढे खोद रहे थे, 6 दशक बर्बाद कर चुके थे... तब दुनिया के छोटे-छोटे देश भी सफलता के शिखरों को छू रहे थे। इतना बड़ा महान व्यक्ति अगर आपको मंजूर नहीं है, परिवार को मंजूर नहीं है और हमारा हिसाब मांगते रहते हैं। कुछ लोगों को समझना होगा ये सदियों पुराना देश सामान्य मानवी की पसीनों से बना देश है, ये देश किसी परिवार की जागीर नहीं।

स्वतंत्रता सेनानियों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल की शुरुआत

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से शहीद भगत सिंह को हार्दिक सम्मान भेंट करने की अभिव्यक्ति उनके स्वतंत्रता संग्राम में अतुल्नीय बलिदान देने वाले शूरवीरों के प्रति सहृदय भावना को दर्शाता है। स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण संबंधी मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा की तरफ से स्वतंत्रता संग्राम में डाले कीमती योगदान को याद करते हुये इन देशभक्तों की भलाई के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही है।

हेल्पलाइन नंबर 0172-2740788 और ईमेल pbfoodprocessingminister@gmail.com की शुरुआत की गई है जिससे स्वतंत्रता सेनानियों को किसी भी किस्म की कोई समस्या या असुविधा का सामना करने पर उचित और सुखद ढंग से निपटारा किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि इस नंबर और ईमेल के शुरू होने से स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी शिकायतों के निपटारे के लिए किसी भी सरकारी दफ़्तर में जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि इस हेल्पलाइन पर कोई भी शिकायत मिलने पर सरकारी अधिकारी स्वयं उनके घर जाकर किसी भी तरह की मुश्किल का निपटारा करेंगे।

15 किलो हेरोइन व 8.40 लाख रुपए की ड्रग मनी समेत नाबालिग गिरफ्तार

खेप टिकाने पर पहुंचाने जा रहा था नशा तस्कर

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़/ अमृतसर**

मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर नशों के विरुद्ध जारी जंग के दौरान सरहद पार से तस्करी के नेटवर्क के विरुद्ध एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस ने 15 किलोग्राम हेरोइन और 8.40 लाख रुपए की ड्रग मनी समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार नशा तस्कर की उम्र 17 साल है, जो अमृतसर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से हेरोइन और ड्रग मनी बरामद करने के अलावा एक हीरो डीलक्स मोटरसाईकल भी बरामद की है, जिस पर वह सवार था।

यह कार्यवाही पंजाब पुलिस द्वारा गाँव लोपोके, अमृतसर में विशेष चैकिंग के दौरान 5 किलोग्राम हेरोइन, 12.15 लाख रुपए की ड्रग मनी समेत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करके सरहद पार से नशा तस्करी के गिरोह का पर्दाफाश किए जाने के 10 दिनों बाद सामने आई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि ठोस जानकारी मिलने के उपरांत काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर की पुलिस टीमों ने राम तीर्थ रोड अमृतसर पर नाका लगाकर नाबालिग को सफलतापूर्वक काबू कर लिया, जो अपने साथी रेशम सिंह निवासी गाँव खासा, अमृतसर के साथ गाँव कक्कड़ के क्षेत्र से नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त करने के बाद इसको पहुँचाने जा रहा था।

उन्होंने आगे ने कहा कि प्राथमिक जाँच से पता लगा है कि पाकिस्तान आधारित तस्करों द्वारा नशीले पदार्थों की यह खेप ड्रोन के द्वारा फेंकी गई थी। उन्होंने बताया कि नशा तस्कर रेशम सिंह, जो प्राथमिक जाँच से सरहद पार से नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले रैकेट का मास्टरमाईंड लगता है, मौके से भागने में कामयाब हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमें उसे पकडऩे के लिए छापेमारी कर रही हैं।

ए.आई.जी. सीआई अमृतसर अमरजीत सिंह बाजवा ने बताया कि गिरफ़्तार नाबालिग के पिता और दादा पहले ही एनडीपीएस एक्ट के तहत कैद काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने के लिए और जाँच की जा रही है कि यह खेप सरहद पार से किसने भेजी थी और दोषी व्यक्ति किसको यह खेप देने जा रहे थे। थाना एस.एस.ओ.सी. अमृतसर में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत एफ.आई.आर नं. 6 के अधीन मुकदमा दर्ज किया गया है।

15 लाख रुपये रिश्वत लेते पीएसपीसीएल अधिकारी गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने गुरुवार को अपने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के दौरान जालंधर में तैनात अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता (एएसई) सुखविंदर सिंह मुल्तानी को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेने एवं 20 लाख रुपए और माँगने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

विजीलैंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि अमृतसर में पीएसपीसीएल वेरका के स्टोर कीपर शरणजीत सिंह की शिकायत पर उपरोक्त पीएसपीसीएल अधिकारी, जो पहले कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) टेक्निकल ऑडिट, पीएसपीसीएल जालंधर के पद पर तैनात था, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई लाइन पर साक्ष्य सहित ऑनलाइन शिकायत ऑडियो-वीडियो प्रारूप में दर्ज कराई है।

अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उपरोक्त अधिकारी ने अपने पक्ष में स्टोर इन्वेंट्री की निरीक्षण रिपोर्ट भेजने के लिए एक्सईएन रहते हुए पहले ही 15 लाख रुपए रिश्वत के रूप में ले लिए थे और अब स्टॉक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर शिकायतकर्ता को निलंबित कर दिया गया है और नौकरी पर उसकी बहाली के लिए और 20 लाख रुपए की माँग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने सबूत के तौर पर पूरी बातचीत को रिकॉर्ड किया है, जिसे मामले की जाँच के लिए विजीलैंस ब्यूरो को सौंप दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि विजीलैंस ने ऑनलाइन शिकायत में लगाए गए आरोपों की जाँच की है और उपरोक्त पीएसपीसीएल अधिकारी के खिलाफ तीन किस्तों में 15 लाख रुपए की रिश्वत लेने एवं शिकायतकर्ता से और 20 लाख रुपए की माँग करने का दोषी पाते हुए भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में आरोपी अधिकारी के खिलाफ विजीलैंस थाना अमृतसर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीबीआई कोर्ट ने रिश्वतखोर एएसआई को 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा

चंडीगढ़ पुलिस के रिश्वतखोर असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) बलकार सिंह को गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। यहां उसे कोर्ट ने 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में बुड़ैल जेल भेज दिया। उसे बीते बुधवार को सीबीआई की एंटी-करप्शन यूनिट ने 25 हजार रुपए रिश्वत लेते दबोचा था। बलकार की पोस्टिंग मनीमाजरा थाने में थी। आरोप के मुताबिक उसने आत्महत्या को उकसाने के मामले में आरोपी को राहत देने के लिए उसकी मां से रिश्वत मांगी थी। रिश्वत का यह सौदा 50 हजार रुपए में तय हुआ था। मामले में आरोपी की मां ने चंडीगढ़ सीबीआई को एएसआई की शिकायत दी। जिस पर ट्रेप लगा उसे पहली किश्त के साथ दबोचा गया था। सीबीआई के मुताबिक आरोपी एएसआई शिकायतकर्ता महिला से उसके बेटे पर रेप की धारा न जोड़ने को लेकर 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था। वहीं, उसने कहा था कि वह उसके बेटे की जमानत करवाने में भी मदद करेगा। सीबीआई ने आरोपी एएसाई के चंडीगढ़ और करनाल (हरियाणा) स्थित घर में भी सर्च की थी। यहां से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

दिल्ली सरकार ने मेयर चुनाव के लिए नई तारीखों के साथ फिर भेजा प्रस्ताव

नई दिल्ली. दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के तहत नया मेयर चुनने का चुनाव तीसरी बार असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी की तरफ से एक और कोशिश की गई है। दिल्ली में मेयर चुनाव के लिए नई तारीखों को लेकर केजरीवाल सरकार ने नया प्रस्ताव एलजी को भेजा है। आप सरकार 13 या 14 फरवरी को दिल्ली के मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के सदस्यों के लिए चुनाव कराने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक प्रस्ताव भेजा है। हालांकि, इस पर उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद ही तारीख तय होगी।

4 दिसंबर को हुए नगरपालिका चुनावों के बाद तीसरी बार बुलाई गई सदन की कार्यवाही बाधित हो गई क्योंकि आप सदस्यों ने मेयर के लिए मतदान के अधिकार को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया। मेयर के चुनाव में मनोनीत सदस्यों को अपना वोट डालने की अनुमति देने के फैसले को आप के साथ मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच गया है।

दिल्ली नगर निगम चुनाव घोषित हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है जहां आम आदमी पार्टी ने भाजपा के 15 साल के शासन को जीत लिया। हालांकि, महापौर का चुनाव करने के प्रयास असफल रहे हैं। छह जनवरी को हुए नगर निगम सदन के पहले सत्र में दिल्ली के मेयर के लिए मतदान शुरू होने से पहले सिविक सेंटर में भाजपा और आप सदस्यों के बीच मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण को लेकर भारी बवाल होने के बाद बैठक भंग कर दी गयी थी।

लतीफपुरा मामला : इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष ने नए स्थान पर पुनर्वास का दिया आश्वासन

कमेटी ने पुनर्वास के लिए मांगी परिवारों की जानकारी

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

लतीफपुरा मामले को लेकर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट व जिला प्रशासन ने लतीफपुरा पुनर्वास संयुक्त मोर्चा के सदस्यों के साथ विस्तृत बैठक की, जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष जगतार सिंह संघेडा ने कहा कि इन परिवारों की जानकारी समिति को दी जाए ताकि वैकल्पिक स्थान पर उनके पुनर्वास की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके और कम से कम समय में पूरी की जा सके। लतीफपुरा मामले में स्थानीय निकाय विभाग के सचिव द्वारा गठित कमेटी ने मोर्चा के सदस्यों से इन परिवारों की सूची जल्द जिला प्रशासन को देने का आग्रह किया है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

इस समिति का नेतृत्व कर रहे डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने मोर्चा के सदस्यों से दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर सावधानीपूर्वक विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि इन परिवारों का पुनर्वास किया जाएगा। करीब ढाई घंटे तक चली बैठक के दौरान चेयरमैन जगतार सिंह संघेडा, डिप्टी कमिश्नर विधायक शीतल अंगुराल, विधायक रमन अरोड़ा, पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चाहल, पंजाब स्टेट कंटेनर एंड वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की चेयरपर्सन राजविंदर कौर थियाडा की मौजूदगी में हुई बैठक में मोर्चे के सदस्यों के साथ इन परिवारों के पुनर्वास के लिए विस्तृत विचार किया गया। जगतार सिंह संघेडा ने इस अवसर पर कहा कि ट्रस्ट वैकल्पिक स्थान पर परिवारों को बसाने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि इन परिवारों की सूची जल्द जिला प्रशासन को सौंपी जाए ताकि डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता वाली कमेटी द्वारा आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने मोर्चा के सदस्यों से वैकल्पिक स्थान पर पुनर्वास पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। विधायक शीतल अंगुराल, रमन अरोड़ा और अध्यक्ष राजविंदर कौर थियाडा ने मोर्चा के सदस्यों से अपील की कि राज्य सरकार इन परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए जिला प्रशासन को आवश्यक जानकारी दी जाए।

• डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष जगतार सिंह संघेडा, विधायक शीतल अंगुराल, विधायक रमन अरोड़ा, अध्यक्ष राजविंदर कौर थियाडा, पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चाहल लतीफपुरा मामले पर मोर्चे के सदस्यों से चर्चा करते हुए।

वर्ष 2014 में 14 करोड़ रसोई एलपीजी कनेक्शन थे, आज 31 करोड़ से अधिक हैं : हरदीप पुरी

नई दिल्ली. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि वर्ष 2014 में देश में कुल रसोई गैस कनेक्शन 14 करोड़ थे जो बढ़कर अब 31 करोड़ से अधिक हो गए हैं। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले और कुछ अन्य सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह भी कहा कि सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई कदम उठाए हैं तथा गैस कनेक्शन एवं गैस पाइपलाइन का भी विस्तार किया है।

हरदीप पुरी ने बताया, ''2014 में 14 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन थे। आज 31 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन हैं और इसके अतिरिक्त गैस पाइपाइन का विस्तार किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''विपणन कंपनियों ने गैस की कीमतें नहीं बढ़ाई हैं, जबकि उन्हें बहुत नुकसान हुआ है। उन्हें 28,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।' मंत्री ने बताया कि पिछले साल एलपीजी गैस का घरेलू उत्पादन 18 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है।

प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुरी से कहा कि वह पूरक प्रश्नों का संक्षेप में उत्तर दें। बिरला ने कहा, ''सभी माननीय सदस्य छोटे प्रश्न करें और सभी माननीय मंत्री संक्षेप में उत्तर दें।

लवर्स के लिए ये हैं दुनिया की सबसे रोमांटिक जगह

VALENTINE

वैलेंटाइन वीक शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। ऐसे में कपल एक दूसरे के लिए अलग-अलग चीजें प्लान करते हैं। यहां देखिए कुछ बेहतरीन रोमांटिक प्लेसिस जहां लवर्स को जाना चाहिए।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

वैलेंटाइन वीक शूरू होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। इस हफ्ते के शुरू होने से पहले कपल्स तरह-तरह की चीजें अपने पार्टनर के लिए प्लान करते हैं। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर लोग जिनसे प्यार करते हैं, उन से प्यार का इजहार करते हैं। ऐसे में कुछ लोग ऐसा किसी रोमांटिक जगह पर जाकर करते हैं। यहां हम बता रहे हैं उन रोमांटिक जगहों के बारे में जहां आपको अपने पार्टनर के साथ जरूर जाना चाहिए।

1) पेरिस, फ्रांस

हर कोई अपने पार्टनर के साथ इस जगह पर जरूर जाना चाहता है। एफिल टावर के सामने प्यार का इजहार करना बेहद रोमांटिक है। ज्यादातर भारतीय कपल एक बार पेरिस के रोमांटिक नजारे जरूर देखना चाहते हैं। शाम के समय शहर की खूबसूरत जगमगाहट का आनंद अपने पार्टनर के साथ जरूर उठाएं।

2) सेंटोरिनी, ग्रीस

ग्रीस में स्थित सेंटोरिनी लव बड्र्स के लिए दुनिया की सबसे रोमांटिक जगहों में से एक है। यह आइलैंड ज्यादातर हनीमून कपल्स की सबसे

पहली पसंद होता है। यह जगह अपने सफेद बुनियादी ढांचों के लिए जानी जाती है। जब आप वहां जाते हैं तो आप शानदार नीले एजियन सागर के ऊपर सुंदर सूर्यास्त देख सकते हैं।

3) मालदीव

मालदीव सबसे फेमस हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। हिंद महासागर में स्थित यह रोमांटिक जगह, एक शानदार प्लेस है। मालदीव दुनिया भर के यात्रियों के लिए एक शानदार आकर्षण रखता है। आपको पार्टनर के साथ एक बार इस जगह को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

4) फ्लोरेंस, इटली

फ्लोरेंस दुनिया भर के सबसे रोमांटिक शहरों में से एक है। यह जगह अपनी वास्तुकला, पुनर्जागरण कला, स्मारकों और संस्कृति के लिए जानी जाती है। आप जहां भी जाते हैं, यह खूबसूरत शहर पूरी तरह से प्यार से घिरा होता है।

FASHION+

कृति सेनन-श्रद्धा कपूर की अट्रैक्टिव ड्रेस पर आ जाएगा दिल, स्प्रिंग के मौसम में हो जाएं आप भी तैयार

स्प्रिंग के मौसम में कृति सेनन ने पहनी फ्लोरल ड्रेस तो पिंक ब्लेजर और मिनी स्कर्ट में रेडी हुईं श्रद्धा कपूर, दोनों के लुक्स ने कर लिया इंप्रेस।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

श्रद्धा कपूर और कृति सेनन के गर्ल्स फैन फॉलोइंग भी अच्छी खासी है। जो उनके लुक्स को कॉपी करने के लिए दीवानी रहती हैं। कृति अक्सर अपने बोल्ड लुक्स से हर किसी को इंप्रेस कर लेती हैं। स्लिम फिट फिगर को शो ऑफ करने के लिए टाइट फिटिंग ड्रेसेज में कृति को देखकर फैंस मर मिटते हैं। तो वहीं श्रद्धा कपूर कंफर्टेबल और क्यूट ड्रेसिंग सेस को फॉलो करती हैं। लेकिन इस बार इन दोनों हसीनाओं का आउटफिट और लुक अट्रैक्टिव दिख रहा है। स्प्रिंग के मौसम के लिए रेडी इन दोनों हसीनाओं के लुक से लड़कियां इंस्पायर हो सकती हैं।

कृति ने पहन ली फ्लोरल ड्रेस

फिल्म 'शहजादा' के प्रमोशन के लिए कृति सेनन का बोल्ड आउटफिट में नजर आ रही हैं। ऑफ शोल्डर टॉप से लेकर कटआउट डिटेलिंग वाली ड्रेस में वो कपिल शर्मा के शो पर पहुंची थी। इस बार कृति ने सेक्सी ड्रेस की बजाय स्टाइलिश लुक को चुना है। व्हाइट कलर की मिडी ड्रेस पर फ्लोरल प्रिंट बने हैं। जिसके बैक पर कटआउट डिटेलिंग की गई है। कृति का ये लुक स्प्रिंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट दिख रहा है।

मेकअप है खास

कृति ने स्प्रिंग समर ड्रेस के साथ पिंक लिपस्टिक और ब्राउन आईज मेकअप किया है। जबकि बीच वेवी हेयरस्टाइल परफेक्ट दिख रही है। कृति का ये लुक लड़कियां जरूर कॉपी करना चाहेंगी।

श्रद्धा कपूर ने पिंक मिनी स्कर्ट को चुना

श्रद्धा कपूर अक्सर क्यूट लुक में दिखती हैं। इस बार भी वो पिंक कलर की मिनी स्कर्ट में रेडी दिखीं। जिसमे उनका नेचुरल पिंक ग्लो मेकअप अट्रैक्टिव दिख रहा था। बात करे ड्रेस की तो पिंक मिनी स्कर्ट के साथ कॉर्सेट टॉप को पहना है। जिस पर फ्रंट में क्रिस क्रॉस डिटेलिंग की गई है। साथ में ओवरसाइज ब्लेजर को पेयर किया गया है। पिंक क्यूट सी ड्रेस के साथ श्रद्धा कपूर का क्रिस्टल क्लीयर ग्लोइंग फेस मेकअप खूबसूरत दिख रहा है।

एलोवेरा के फायदे डाइट में भी कर सकते हैं शामिल, बनाएं ग्वारपाठा की सब्जी

एलोवेरा का इस्तेमाल स्किन और बालों की सुंदरता बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन एलोवेरा यानी ग्वारपाठा की सब्जी को खाने के भी ढेर सारे फायदे होते हैं। इसे बनाने का तरीका आसान है।

• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

एलोवेरा को लोग स्किन और बालों को देखभाल के लिए इस्तेमाल करते हैं। लेकिन एलोवेरा केवल बालों या स्किन के लिए ही सेहतमंद नही है इसको डाइट में लेने से बीमारियों में भी राहत मिलती है। डाइट में शामिल करने के लिए ज्यादातर एलोवेरा का जूस पीने की सलाह देते हैं। क्या आप जानते हैं कि एलोवेरा की सब्जी बनाकर भी खाई जाती है। एलोवेरा को हिंदी में ग्वारपाठा के नाम से भी जाना जाता है। ग्वारपाठा की सब्जी को बहुत सारे लोग खाना पसंद करते हैं। इसके जबरदस्त फायदे हेल्दी डाइट खाने वालों के लिए किसी वरदान से कम नही है।

क्या है ग्वारपाठा की सब्जी खाने के फायदे

ग्वारपाठा या एलोवेरा की सब्जी बनाकर खाने से स्किन पर बहुत असर दिखता है। इसमे विटामिन सी और ई भरपूर मात्रा में होते हैं। जिससे ना केवल इम्यूनिटी बढ़ती है बल्कि विटामिन ई बालों और स्किन पर तेजी से असर दिखाता है। पानीदार गाढ़े गूदे वाली इस सब्जी में कैलोरी की मात्रा ना के बराबर होती है। इसिलए ये सब्जी वजन कम करने के लिए भी फायदेमंद है। शरीर से टॉक्सिस निकालने हो या पाचन

क्रिया दुरुस्त करना हो एलोवेरा की सब्जी खाने से तमाम तरह के फायदे होते हैं।

ग्वारपाठा की सब्जी बनाने की विधि

- 500 ग्राम एलोवेरा
- सरसों का तेल
- जीरा
- राई
- किशमिश
- लहसुन की कलियां
- लाल मिर्च पाउडर
- हल्दी पाउडर
- धनिया पाउडर
- अमचूर पाउडर
- गुड़
- एक चुटकी हींग
- नमक स्वादानुसार

एलोवेरा की सब्जी बनाने का तरीका

सबसे पहले एलोवेरा के पत्तों को अच्छी तरह से धोकर कांटों को हटा दें। अब इन एलोवेरा को काटकर उबाल लें। उबालने से पहले इसमे तड़का लगा दें। तड़का लगाने के लिए कूकर में ही तेल डालें। इसमे हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर डालकर मिक्स करें। गुड़ को पानी में घोल लें और इसमे डालकर एलोवेरा को उबाल लें। दूसरे पैन में तेल गर्म करें। इसे राई का तड़का लगाएं। साथ में हींग एक चुटकी डालें। सूखी लाल मिर्च डालकर चटकाएं। अच्छी तरह से भूनने के बाद मसालों के साथ उबले एलोवेरा को मिलाकर रख दें। इसमे किशमिश, कटी हुई हरी मिर्च, हरा धनिया डालकर मिक्स करें। नमक मिलाएं और सब्जी रख दें। करीब दो से तीन घंटे बाद ये सब्जी खाने पर स्वादिष्ट लगेगी।

छोटे बच्चे को बाजरे की खिचड़ी खिलाने से मिलते हैं ये गजब के फायदे

PARENTING

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चे के 6 महीने के होने के बाद माएं अक्सर उन्हें ठोस आहार देना शुरू कर देती हैं। इस तरह के आहार में मूंग दाल खिचड़ी या दलिया ज्यादातर मां अपने बच्चे को देने के लिए पसंद करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं इन दोनों ही चीजों से अलग बाजरे की खिचड़ी भी इस उम्र के बच्चों को दी जा सकती है। बाजरे की खिचड़ी में विटामिन-बी, फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। ये सभी पोषक तत्व शिशु के विकास के लिए जरूरी होते हैं। आइए जानते हैं शिशु को बाजरे की खिचड़ी खिलाने से मिलते हैं कौन से गजब के फायदे।

खून की कमी होगी दूर-
जो बच्चे एनीमिया रोग से जुझ रहे होते हैं आप उन्हें बाजरे की खिचड़ी खिला सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला आयरन उनके शरीर में एनीमिया की कमी पूरी करने में मदद कर सकता है।

हड्डियां बनेंगी मजबूत

बाजरे की खिचड़ी में कैल्शियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो बच्चे की हड्डियों का विकास करने में मदद करता है। इसके अलावा बाजरे की खिचड़ी देने से बच्चे की हड्डियां भी मजबूत होती हैं।

मजबूत पाचन तंत्र

बाजरे की खिचड़ी बच्चों को खिलाने से उनका पाचन तंत्र भी मजबूत बनता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर बच्चों के पाचन को दुरुस्त रखता है। इसके अलावा बच्चे को पेट में अपच, कब्ज, गैस और बदहजमी जैसी समस्याओं में भी राहत दिलाता है।

बच्चों की ग्रोथ

बाजरे की खिचड़ी बच्चे को खिलाने से उनका विकास भी अच्छा होता है। इसमें मौजूद प्रोटीन, फाइबर, आयरन, विटामिन जैसे पोषक तत्व बच्चों को शरीर की ग्रोथ में मदद करते हैं।

पेट के बल सोने की है आदत तो फौरन बदल दें

कुछ लोगों को पेट के बल सोने से बड़ा आराम मिलता है लेकिन ये आदत आपको मुश्किल में डाल सकती है। पेट के बल सोने से रीढ़ की हड्डियों पर दबाव पड़ता है। जिससे अंगों में दर्द होता है।

HEALTH+

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

सोते समय हर इंसान की पोजीशन अलग-अलग होती है। कुछ लोगों का कहना है कि पेट के बल सोने से उन्हें ज्यादा आराम मिलता है। भले ही ये पोजीशन आपको आराम पहुंचाती हो लेकिन पेट के बल सोने से शरीर को लंबे समय में नुकसान होते हैं। जिससे बचने के लिए जरूरी है कि सही पोश्चर में सोया जाए। इस बारे में एक्सपर्ट का भी मानना है कि पेट के बल लेटने से शरीर के आंतरिक अंगो पर दबाव पड़ता है। जिससे दर्द की समस्या होने लगती है।

नींद में पड़ता है खलल

भले ही पेट के बल सोने से आप रिलैक्स महसूस करते हों लेकिन ये स्थिति दर्दनाक हो सकती है। एक्सपर्ट का कहना है पेट के बल सोने से रीढ़ की हड्डी स्थिर नही रहती है। पूरा वजन शरीर के बीच में रहता है। रीढ़ की हड्डी को सही पोजीशन ना मिलने की वजह से शरीर के अलग-अलग हिस्सों में दर्द की शिकायत होने लगती है।

गर्दन और कंधे में होने लगता है दर्द

पेट के बल सोने से कंधे और गर्दन पूरी तरह के रिलैक्स नहीं कर पाते। जिसकी वजह से गर्दन की मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि पेट के बल सोने की वजह से झुनझुनी और हाथों-पैरों में सुन्न पड़ने की शिकायत देखने को मिलती है। अगर पूरी रात पेट के बल सोया जाए तो सुबह उठने पर कुछ अंग बिल्कुल निष्क्रिय से हो जाते है।

गर्भावस्था में बिल्कुल ना सोएं

गर्भवती महिलाओं को पेट के बल बिल्कुल भी नहीं सोना चाहिए। इससे गर्भ में पल रहे बच्चे पर बुरा असर पड़ता है। वहीं कई सारी सर्जरी में भी पेट के बल सोने से नुकसान होता है।

स्लीप एप्रिया में मिलता है फायदा

हालांकि कुछ हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि पेट के बल सोने से स्लीप एपनिया और खर्राटे जैसी समस्या में इससे आराम मिलता है। अगर सोते वक्त सांस लेने में रूकावट होने पर पेट के बल सोना राहत देता है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता : समावेशी विकास और सार्वभौमिक सह-अस्तित्व का संयोजन

भारत की जी-20 अध्यक्षता का केंद्रीय भाव- वसुधैव कुटुम्बकम, यानी सभी जीवित प्राणियों- मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव और पृथ्वी पर इनके परस्पर संबंध के महत्व की पुष्टि करता है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री के शब्दों में, भारत की जी-20 की अध्यक्षता इस सार्वभौमिक सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी और इसलिए "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" इसका आदर्श वाक्य है। जी-20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व से जुड़े खतरे बढ़ रहे हैं और इनके स्थायी समाधान ढूंढने की आवश्यकता है।

जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों का समाधान करना, भारत की जी-20 की अध्यक्षता की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके तहत दुनिया के विकासशील देशों में जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को समर्थन देकर न्यायोचित तरीके से ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों को अपनाने पर जोर दिया गया है। दुनिया के लिए सार्थक और स्थायी समाधान प्राप्त करने के उद्देश्य से, वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं, आकांक्षाओं और मुद्दों को सामने रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें से कई देशों को महत्वपूर्ण मंचों पर अपनी बातें रखने का मौका नहीं मिलता है। ऊर्जा क्षेत्र में आज दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं- पहुंच, सुरक्षा, उपयोग-सामर्थ्य से लेकर जलवायु परिवर्तन के वैश्विक मुद्दे तक। स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिए इन मुद्दों को समग्र रूप में देखना महत्वपूर्ण है। भारत, अपनी ओर से, कम कार्बन वाली विकास रणनीति के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के ऊर्जा उत्पादन मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। आज, भारत पूरी दुनिया में नवीकरणीय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसकी स्थापित बिजली क्षमता का 42.25 प्रतिशत हिस्सा, गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आता है। हम स्थापित क्षमता के मामले में चौथे सबसे बड़े देश हैं और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में से भी एक हैं। भारत ने 2021 में नवीकरणीय क्षमता में वैश्विक स्तर पर सबसे तेज वृद्धि (70 प्रतिशत) दर्ज की है, जिसके तहत केवल नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश 2021 में 11.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। भारत के सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता भी 2005 के स्तर की तुलना से 28 प्रतिशत कम हो गई है। भारत जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों के स्थायी समाधान ढूंढ़ने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। यह 2021 में ग्लासगो शिखर सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जहां 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक बिलियन टन तक कम करने की घोषणा की गयी थी। सीसीपीआई सूचकांक (जलवायु परिवर्तन

जालंधर ब्रीज

आलोक कुमार
(सचिव, विद्युत)

प्रदर्शन सूचकांक) में, भारत को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बड़े देशों में स्थान दिया गया है। भारत, आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और एक अरब से अधिक लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। अनुमान है कि 2040 तक हमारी ऊर्जा की मांग दोगुनी से अधिक हो जाएगी। इस अनुमानित वृद्धि के साथ स्थायी बिजली उत्पादन, कार्बन उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने की जिम्मेदारी भी आती है। सरकार ने देश के हर गांव और हर जिले को शामिल करते हुए सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से सौभाग्य योजना- 'सार्वभौमिक पहुंच के लिए योजना' शुरू की। भारत ने 2019 के अंत तक रिकॉर्ड समय में सार्वभौमिक विद्युतीकरण हासिल किया, जिसके अंतर्गत कुल 28.6 मिलियन घरों का विद्युतीकरण किया गया। भारत में ऊर्जा दक्षता को उच्च प्राथमिकता दी गयी है। नीतिगत तौर पर, व्यक्तिगत और संस्थागत, दोनों ही स्तरों पर ऊर्जा के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की गयी हैं। उजाला (सभी के लिए सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति) योजना, 2015 में शुरू की गयी, जिसका उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब प्रदान करना था। इसका लक्ष्य 770 मिलियन तापदीप्त बल्बों को एलईडी बल्बों से बदलना था, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा एलईडी वितरण कार्यक्रम बन गया। यह कार्यक्रम, प्रकाश व्यवस्था में ऊर्जा दक्षता को लक्षित करता है, क्योंकि यह ऊर्जा बचाने के लिए बड़े पैमाने पर अवसर प्रदान करता है। एक और बेहद सफल योजना है, उज्ज्वला- जो परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाती है, उनके द्वारा किये जाने वाले कठिन श्रम को कम करती है, रसोई की समयावधि में कमी लाती है और समग्र रूप से उनके स्वास्थ्य में सुधार करती है। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत, हमने विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) को कम करने के उद्देश्य से पीएटी (कार्यक्रम निर्माण, प्राप्ति और व्यापार) योजना भी शुरू की, यानी, ऊर्जा गहन क्षेत्रों में नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के लिए उत्पादन की प्रति यूनिट ऊर्जा का उपयोग तथा एक सम्बन्धित बाजार व्यवस्था के साथ अतिरिक्त ऊर्जा बचत, जिसका व्यापार भी किया जा सकता है, के प्रमाणीकरण के जरिये लागत प्रभावशीलता को बढ़ाना। अतिरिक्त ऊर्जा बचत को व्यापार योग्य उपकरणों में परिवर्तित किया जाता है, जिन्हें ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (ई एस सी) कहा जाता है और इनका बिजली एक्सचेंजों में कारोबार किया जाता है। हाल ही में, संसद ने ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 पारित किया है। विधेयक ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देता है और यह निर्धारित करता है कि नामित उपभोक्ता, अपनी ऊर्जा या फीडस्टॉक की जरूरतों के एक निश्चित अनुपात को गैर-जीवाश्म स्रोतों से पूरा करने के लिए बाध्य हो सकते हैं। इमारतों के लिए ऊर्जा संरक्षण संहिता, अब 100 किलोवाट या उससे अधिक के भार वाले बड़े कार्यालयों और आवासीय भवनों पर लागू होगी। अधिनियम में अब कार्बन बाजार स्थापित करने के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। हमारे एनडीसी को पूरा करने के लिए देश में प्राथमिकता के आधार पर कार्बन क्रेडिट का उपयोग किया जाएगा। भारत ने धीरे-धीरे आर्थिक विकास को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अलग कर लिया है।

"स्वच्छ भविष्य की ओर"

भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक प्रमुख अंतर-सरकारी मंच है। भारत की अध्यक्षता आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं को रेखांकित करती है, विशेष रूप से ऐसे समय में, जब दुनिया कोविड के बाद धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में वापस आ रही है, लेकिन वैश्विक मंदी का खतरा भी मंडरा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां कभी इतनी गंभीर नहीं रही हैं।

दुनिया इन सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों में से कुछ के समाधान के लिए तत्काल उपाय चाहती है। भारत की अध्यक्षता का उद्देश्य सभी के स्थायी भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग के नए क्षेत्रों में प्रवेश करना है तथा पूर्व अध्यक्षों के कार्यकाल के दौरान हुए प्रयासों और परिणामों के आधार पर आगे बढ़ना है। भारत की अध्यक्षता की थीम- 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' या 'वसुधैव कुटुम्बकम' के अनुरूप, हम अपनी 'एक पृथ्वी' को पर्यावरण-अनुकूल बनाने, 'एक परिवार' के भीतर सद्भाव पैदा करने और 'एक भविष्य' के प्रति आशान्वित होने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इस तथ्य के बावजूद कि यह दुनिया की लगभग 17 प्रतिशत आबादी का समर्थन करता है, हमने विकास के प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के क्षेत्र में काफी अच्छा काम किया है। भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 2.4 टी-कार्बन डाइऑक्साइड-ई (टन कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य) 2020 में 6.3 टी-कार्बन डाइऑक्साइड-ई के वैश्विक औसत से काफी कम है (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जारी 'एमिशन गैप रिपोर्ट 2022: द क्लोजिंग विंडो के अनुसार)। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई), 2022 में, हमें 5 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में स्थान दिया गया है। भारत निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था को अपनाने के क्षेत्र में भी विश्व का नेतृत्व कर रहा है। हमने गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता वृद्धि के सन्दर्भ में राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं (एनडीसी) को 2030 के लक्षित वर्ष से बहुत पहले ही हासिल कर लिया है और इसके बाद से अपने लक्ष्यों को अद्यतन भी किया है। अद्यतन किए गए एनडीसी के अनुसार, भारत अब 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने के साथ 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से संचयी विद्युत ऊर्जा स्थापित क्षमता का लगभग 50 प्रतिशत हासिल करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। युवा आबादी, बढ़ते शहरीकरण, डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर अनुकूलन, स्टार्ट-अप की बढ़ती संख्या के साथ भारत का प्राथमिक उद्देश्य, स्थायी तरीके से सस्ती बिजली तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने का रहा है। देश ने हाल के दिनों में स्थितियों को बदलने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कुछ साल पहले तक बिजली की कमी का सामना करने वाली स्थिति से अब हम एक बिजली

जालंधर ब्रीज

आर.के. सिंह
(केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री)

अधिशेष राष्ट्र हैं। हमने एक एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित किया है, वितरण नेटवर्क को मजबूत किया है, हम नवीकरणीय ऊर्जा में एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में उभरे हैं और हमने सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हासिल किया है। भारत का ऊर्जा मिश्रण काफी विविध है। बिजली उत्पादन, विभिन्न स्रोतों के माध्यम से होता है, जिसमें कोयला, लिग्नाइट, प्राकृतिक गैस, तेल, जल और परमाणु से लेकर सौर, पवन और बायोमास जैसे अक्षय स्रोत शामिल हैं। सरकार नई तकनीक और नवाचार के माध्यम से स्वच्छ बिजली का उत्पादन करने के लिए देश की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में पूरा ध्यान दे रही है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जो 2026 तक नई क्षमता वृद्धि के साथ दोगुनी हो जायेगी। भारत के ऊर्जा मिश्रण में सौर और पवन ऊर्जा का हिस्सा अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। देश आधुनिक जैव-ऊर्जा के लिए दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में कार्बनीकरण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और देश का लक्ष्य हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में उभरना है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता वाले देश के रूप में उभरा है। इसने देश को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए सबसे आकर्षक निवेश का केंद्र भी बना दिया है। ये प्रयास भारत को अपनी जरूरतों को पूरा करने में मदद कर रहे हैं और दुनिया भर में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने के वैश्विक प्रयासों में भी योगदान दे रहे हैं। अब चुनौती, ऊर्जा को किफायती बनाने की है, वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और कठिन बाजार स्थितियां ऊर्जा सुरक्षा के जोखिमों को बढ़ा रही हैं। हालांकि नीतिगत उपायों और शमन पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है, ठोस/मापने योग्य परिवर्तन लाने के लिए व्यक्तियों और समुदायों पर ध्यान देना भी जरूरी है।

भारत ने स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना या इसे त्याग दें (गिव इट अप) अभियान जैसी पहलों में बड़े पैमाने पर सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से विकास और सामाजिक व व्यवहारिक परिवर्तनों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण सफलताओं का प्रदर्शन किया है। भारत ग्लासगो, 2021 के कॉप 26 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई वैश्विक पहल - लाइफ या पर्यावरण के लिए जीवनशैली- को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए लाइफ लोगों व समुदायों का आह्वान करता है कि 'नासमझ और विनाशकारी खपत' के बजाय 'सचेत और सोच-समझकर उपयोग' के लिए वे इसे अंतर्राष्ट्रीय जन आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करें। लाइफ प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत और सामूहिक कर्तव्य का उत्तरदायित्व देता है कि वे ऐसी जीवनशैली को अपनाएं, जो पृथ्वी के अनुकूल हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। 1.4 बिलियन से अधिक लोगों के साथ एक बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की जलवायु अनुकूलन और शमन महत्वाकांक्षाएं न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी पृथ्वी के लिए परिवर्तनकारी हैं। नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए, बदलाव के दौर में भारत की प्रभावशाली प्रगति दर्शाती है कि कोई भी देश अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने संसाधनों के उपयोग के बारे में उचित विकल्प चुनकर सफल हो सकता है। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य का निर्माण करने के क्रम में, भारत की जी-20 अध्यक्षता सदस्य देशों के बीच ट्रस्टीशिप की भावना के साथ साझा, सहयोग और निर्माण का मार्ग अपनायेगी।

तुर्की के भूकंप से इमोशनल हुए पीएम मोदी, याद आया कच्छ का जलजला, बोले- हमने भी झेला...

• तुर्की में भूकंप की तबाही को लेकर PM मोदी हुए इमोशनल। • तुर्की की बात करते हुए उन्होंने कच्छ के भूकंप को याद किया। • पीएम मोदी ने कहा, इस तरह की विभीषिकाएं हमने भी झेली हैं।

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

तुर्की और सीरिया में सोमवार सुबह जोरदार भूकंप आया। इसकी तीव्रता 7.8 मापी गई। वहीं आज मंगलवार को भी एक बार फिर तुर्की में भूकंप आया। भूकंप इतना तेज था कि यह पिछले एक सदी की सबसे बड़ी त्रासदी में से एक बन गई है। तुर्की और सीरिया में अब तक 4300 से ज्यादा लोगों ने भूकंप से जान गंवाई है। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुर्की में भूकंप के कारण हुई तबाही की बात करते हुए इमोशनल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजेपी पार्लियामेंट्री बोर्ड में पीएम मोदी ने तुर्की के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान वह तुर्की की बात करते हुए इमोशनल हो गए। उन्होंने साल 2001 में गुजरात के कच्छ में आए भूकंप को याद किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की विभीषिकाएं हमने भी झेली हैं। साथ ही उन्होंने तुर्की को भारत की ओर से हर संभव मदद करने की बात कही है।

इससे पहले सोमवार को भी उन्होंने तुर्की में आए भूकंप पर दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था कि तुर्की में भूकंप के कारण हुई मौतें और संपत्ति के नुकसान से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं, साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। साथ ही उन्होंने तुर्की को हर संभव मदद देने का ऐलान भी किया था।

होली से पहले आ सकती है पीएम किसान योजना की 13वीं किस्त, फर्जी लाभार्थियों पर सरकार की कड़ी निगरानी

पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को 13वीं किस्त होली से पहले आने की पूरी उम्मीद है। दिसंबर-मार्च की 2000 रुपये की किस्त के आने का टाइम वैसे तो 1 दिसंबर से 31 मार्च के बीच है।

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को 13वीं किस्त होली से पहले आने की पूरी उम्मीद है। इस बार होली 8 मार्च को पड़ रही है और उम्मीद है कि पीएम किसान की 13वीं किस्त 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में पहुंच जाए। बता दें दिसंबर-मार्च की 2000 रुपये की किस्त के आने का टाइम 1 दिसंबर से 31 मार्च के बीच है। पीएम किसान योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए मोदी सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। इसकी वजह से विलंब हो रहा है।

इनमें ई-केवाईसी का अनिवार्य करना, आधार लिंकिंग, जमीन के कागजात की सिडिंग, डोर टू डोर वेरीफिकेश आदि हैं। अब पीएम किसान पोर्टल या कृषि विभाग से रजिस्टर्ड किसानों के पास ई-केवाइसी कराने के लिए लगातार मैसेज भेजा जा रहा है, ताकि कोई पात्र किसानी 13वीं या दिसंबर-मार्च की किस्त से वंचित न होने पाए।

फर्जी लाभार्थियों पर कड़ी निगरानी :

इसके अलावा फर्जी लाभार्थियों को पहचानने के लिए पीएफएमएस यूआईडीएआई , आईटी और एनपीसीआई जैसी सस्थाएं कड़ी निगरानी कर रही हैं। लाभार्थी का जमीन के रिकॉर्ड का आधार से मिलान किया जा रहा है। डेटा को UIDAI सर्वर पर भेजकर की पहचान की जा रही है। लाभार्थी के बैंक खाते का ऑथंटिकेशन, किसान का डेटा और बैंक खाता का मिलान किया जा रहा है। बैंक एकाउंट प्रमाणित होने के बाद NPCI से आधार लिंक्ड भुगतान किया जा रहा है।

स्टेटस चेक करने के लिए इन स्टेप्स को फॉलो करें...

- √ पहले पीएम किसान (PM Kisan) की आधिकारिक वेबसाइट https://pmkisan.gov.in/ पर जाएं।
- √ यहां आपको राइट साइड पर 'Farmers Corner' का विकल्प मिलेगा
- √ यहां 'Beneficiary Status' के ऑप्शन पर क्लिक करें। यहां नया पेज खुल जाएगा।
- √ नए पेज पर आधार नंबर, बैंक खाता संख्या में से किसी एक विकल्प को चुनिए। इन 2 नंबरों के जरिए आप चेक कर सकते हैं कि आपके अकाउंट में पैसे आए या नहीं।
- √ आपने जिस विकल्प का चुनाव किया है, उसका नंबर भरिए। इसके बाद 'Get Data' पर क्लिक करें।
- √ यहां क्लिक करने के बाद आपको सभी ट्रांजेक्शन की जानकारी मिल जाएगी। यानी कौनसी किस्त कब आपके खाते में आई और किस बैंक अकाउंट में क्रेडिट हुई।
- √ कौन हैं अपात्र
- √ संवैधानिक पद पर काम कर रहे या कर चुके पूर्व या मौजूदा मंत्री, सांसद, विधायक, मेयर, पंचायत प्रमुख।
- √ केंद्र-राज्य सरकार के मौजूदा या अवकाश प्राप्त कर्मचारी
- √ सभी अवकाश प्राप्त पेंशनभोगी, जिनकी मासिक पेंशन 10 हजार रुपए या इससे अधिक है।

रूस से युद्ध में यूक्रेन की बड़ी मदद कर रहा यूपी का यह शख्स, सेना से मिला अवॉर्ड

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को एक साल पूरा होने वाला है। 26 फरवरी को रूस ने पहली बार यूक्रेन पर हमला किया था। हमले के वक्त लगता था कि कुछ ही दिनों में रूस यूक्रेन को घुटने टेकने पर मजबूर कर देगा। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। अब रिपोर्ट्स ये भी आती हैं कि यूक्रेन की तरफ से भी रूसी इलाके में हमला होता है। वहीं कई शहरों से रूस की सेना को खदेड़ भी दिया गया है। इन सारे कामों में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की बड़ी भूमिका है। वह लगातार अपनी सेना का मनोबल बढ़ाते रहे और नागरिकों से भी मदद की अपील करते रहे।

रूस के खिलाफ युद्ध में मदद करने के लिए मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले शख्स को भी यूक्रेन ने सम्मानित किया है। बृजेंद्र राणा उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले हैं। वह दवाई सप्लाई करने के काम में माहिर हैं। जेलेंस्की की अपील के बाद उन्होंने युद्ध के दौरान सैनिकों को दवाई सप्लाई करने का काम शुरू किया। उनके इस काम की वजह से यूक्रेनी सेना के कमांडर इन चीफ ने उन्हें 'बैज ऑफ ऑनर' दिया। यह यूक्रेन में एक बहुत ही प्रतिष्ठित सम्मान है जिसे किसी विशेष अवसर पर केवल सेना प्रमुख ही देते हैं।

इस मेडल में कीव में बनी मदरलैंड स्टेच्यू की तस्वीर होती है। यह कलाकृति यूक्रने के इतिहास में मायने रखती है। दूसरे विश्वयुद्ध की याद में इसे बनवाया गया था। यह अवॉर्ड ऐसे ही व्यक्ति को दिया जाता है जो कि सेना की मदद करता है। इसके अलावा सेना के नियमों को ध्यान में रखते हुए युद्ध जैसी परिस्थिति में अपना योगदान देता है। यूक्रेन के जनरल ने कहा, हालांकि बृजेंद्र का जन्म भारत में हुआ लेकिन वह यूक्रेन को अपना देश मानते हैं और मेडिकल सप्लाई के लिए अथक परिश्रम करते हैं।

बृजेंद्र राणा 90 के दशक में ही यूक्रेन पढ़ाई करने के लिए गए थे। इसके बाद यूक्रेन में ही उन्होंने शादी कर ली। यूक्रेन में जब युद्ध शुरू हुआ तो उनके पास भी वहां से भागकर भारत आने का विकल्प था। हालांकि उन्होंने युद्ध प्रभावित यूक्रेन में ही रुकने का फैसला किया। संकट के दौरान वह सैनिकों और आम लोगों को फ्री में दवाएं पहुंचा रहे हैं।

लगातार बढ़ रहा है 'परीक्षा पे चर्चा' का खर्च, अटकी है केंद्रीय स्कूलों को फंडिंग की सूई

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़े के मुताबिक, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में केंद्र सरकार की तरफ से संचालित 1,252 केंद्रीय विद्यालय और 661 जवाहर नवोदय विद्यालय पर खर्च प्रति स्कूल 5 करोड़ रुपये पर अटका हुआ है।

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' की लागत हर साल केंद्र सरकार द्वारा प्रति स्कूल खर्च किए जाने से अधिक है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की तरफ से लोकसभा में दी गई जानकारी से पता चलता है कि 2022 में प्रधानमंत्री के एक दिवसीय 'परीक्षा वेतन चर्चा' पर 8 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए। यह खर्च सरकार की तरफ से प्रति स्कूल किए जाने वाले खर्च से कहीं ज्यादा है।

2021-22 में सरकार की तरफ से संचालित केंद्रीय विद्यालयों या जवाहर नवोदय विद्यालयों ने प्रति स्कूल औसतन 5.5 करोड़ रुपए ही खर्च किए हैं। पिछले चार साल में प्रधानमंत्री की एक दिन की

'परीक्षा पर चर्चा' की कीमत केंद्र सरकार द्वारा स्कूलों पर खर्च किए गए खर्च से ज्यादा थी।

पिछले पांच सालों से पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में स्कूली छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षकों के साथ बातचीत कर रहे हैं। मूल रूप से, प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें, विल पावर को कैसे बनाए रखा जाए, इस पर सलाह दी।

लोकसभा में तृणमूल सांसद माला रॉय ने इस बात का अनुमान मांगा कि इस कार्यक्रम पर हर साल कितना खर्च हो रहा है? शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2018 में नरेंद्र मोदी की पहली 'परीक्षा पर चर्चा' की लागत 3.67 करोड़ रुपये थी। यह खर्च लगातार बढ़ता रहा है और 2019 में 4.93 करोड़, 2020 में 5.69 करोड़, 2021 में 6 करोड़ और 2022 में 8.16 करोड़ रुपये हो गया।

इसी सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों में केंद्र सरकार की तरफ से संचालित 1,252 केंद्रीय विद्यालय और 661 जवाहर नवोदय विद्यालय पर खर्च प्रति स्कूल 5 करोड़ रुपये पर अटका हुआ है।

मिड डे मील में और अधिक पौष्टिक तत्वों को यकीनी बनाया जाये : डीपी रेड्डी

पंजाब राज्य ख़ाद्य आयोग के चेयरमैन ने मिड डे मील स्कीम सम्बन्धी मीटिंग की अध्यक्षीय की

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ते बच्चों को मुहैया करवाए जा रहे मिड डे मील में और अधिक पौष्टिक तत्वों को यकीनी बनाने पर ज़ोर देते हुये पंजाब राज्य ख़ाद्य आयोग के चेयरमैन डी. पी. रेड्डी ने कहा कि खाना पकाने के लिए तैनात कुक (रसोइया) की तरफ से अपेक्षित साफ़-सफ़ाई को यकीनी बनाया जाये। यहां मगसीपा में स्कूल शिक्षा विभाग के साथ राज्य में मिड डे मील सम्बन्धी मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये श्री रेड्डी ने कहा कि समय-समय पर बच्चों की सेहत जांच करना भी समय की ज़रूरत है। इसके इलावा बच्चों का हैल्थ प्रोफाइल (सेहत सम्बन्धी विवरण) बनाने सम्बन्धी ज़रुरी कदम उठाए जाएँ जिससे बच्चों की तंदरुस्ती के बारे सही मूल्यांकन किया जा सके। चेयरमैन ने विभाग के अधिकारियों को कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) के अंतर्गत फंडों का प्रबंध करने के लिए भी कहा जिससे आने वाले 6 महीनों में राज्य भर के स्कूलों में विद्यार्थियों को पीने वाला साफ़ पानी मुहैया करवाने के लिए आर. ओ. लगाये जाने को यकीनी बनाया जा सके। इसके इलावा श्री रेडी ने यह भी कहा कि आयोग की तरफ से मिड डे मील सम्बन्धी बनाई गई लघु फ़िल्म विभाग के एजूसेट प्लेटफार्म पर अपलोड की जाये। उन्होंने कहा कि कुक और बच्चों की सुरक्षा के मद्देनज़र धुएँ से छुटकारा पाने के लिए प्राप्त स्रोतों के मुताबिक, एग्जास्ट फेन प्रदान किये जाएँ। रेड्डी ने इस सम्बन्ध में अन्य राज्यों द्वारा अपनाएं गए बढ़िया अभ्यासों से सीखने की महत्ता पर ज़ोर दिया। आयोग की गतिविधियों के बारे जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया की महत्ता पर ज़ोर देते हुये चेयरमैन ने शिक्षा विभाग को आयोग के सोशल मीडिया हैंडलों की पालना करने के लिए कहा जिससे आयोग की अलग-अलग पहलकदमियों के लिए व्यापक पहुँच को यकीनी बनाया जा सके। लोगों की तरफ से सुझाव देने और जागरूकता फैलाने के मद्देनज़र सभी स्थानों पर नोटिस बोर्ड और शिकायत बॉक्स लगाए जाने की भी ताकिद की गई। चेयरमैन और सदस्यों ने फील्ड दौरों के अपने तजुर्बे सांझे किये और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस मौके पर अन्यों के इलावा ए. के. शर्मा, आईआरएस (सेवामुक्त), प्रीति चावला, इंद्रा गुप्ता, विजय दत्त, चेतन प्रकाश धालीवाल, पंजाब राज्य ख़ाद्य आयोग के मैंबर और अधिकारी, डायरैक्टर जनरल स्कूल शिक्षा विनय बुबलानी और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मीनू सेठी द्वारा टीम घोषित

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संगठन महामंत्री श्रीमंथरी श्रीनिवासुलू से विचार-विमर्श के बाद भाजपा महिला मोर्चा पंजाब की प्रदेश अध्यक्षा मीनू सेठी द्वारा अपनी नई टीम की घोषणा कर दी गई है। मीनू सेठी द्वारा अपनी प्रादेशिक टीम के उपाध्यक्ष के पद मनीषा सूद, अम्बिका सहनी, राशि अग्रवाल, कंचन जिंदल, मनजोत कौर बुमराह, किरण शर्मा, एकता वोहरा को नियुक्त किया गया है।

महासचिव के पद पर मनिंदर कौर को तथा सचिव के पद पर बलविंदर कौर, मोना कटारिया, अलका शर्मा, अलका कुमारी गुप्ता, रूपी कौर, मीनाक्षी विज, अंजना कटोच, अमनदीप कौर को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के पद पर नीना जैन तथा कार्यालय सचिव के पद पर सोनिया शर्मा को नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया संयोजक के के पद पर हेम लता तथा प्रवक्ता के पद पर मीना सूद तथा नीरा अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

मीनू सेठी ने इस अवसर पर कहा कि यह सभी पार्टी में लंबे समय से जुड़ी हुई हैं और पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों तथा संगठन द्वारा दी गई जिम्मेवारियों को बखूबी निभाती आई हैं और अब पार्टी ने इन्हें प्रदेश के महिला मोर्चा में नई जिम्मेवारी सौंपी है। यह सभी अपने-अपने इलाकों में पार्टी के प्रचार-प्रसार हेतु पूरी निष्ठा व लग्न से कार्य करते हुए संगठन को और मजबूत करेगी।

अनाधिकृत विज्ञापन के खिलाफ निगम सख्त - करीब 250 नोटिस जारी

• जालंधर ब्रीज.फगवाड़ा

डॉ. नयन जस्सल

अमित कालिया

फगवाड़ा नगर निगम कमिश्नर डा. नयन जस्सल ने कहा है कि नगर निगम फगवाड़ा की सीमा के भीतर विभिन्न बाजारों, सड़कों और खंभों पर कुछ संपत्ति मालिक/फर्म अवैध रूप से विज्ञापन दे रहे है। जिस संबंधी नगर निगम की विज्ञापन शाखा ने पीएमसी 1976 अधिनियम की धारा 123 के तहत नोटिस जारी किए है। ऐसे संपत्ति मालिकों/फर्मों को उनके द्वारा लगाए गए अनाधिकृत विज्ञापनों को तत्काल हटाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब मॉडल म्युनिसिपल आउटडोर विज्ञापन उपनियम-2018 और पीएमसी अधिनियम 1976 के अनुसार एक दुकानदार अपनी संपत्ति पर अपनी दुकान और कार्य के नाम से संबंधित केवल एक ही बोर्ड लगा सकता है, जो उसकी दुकान/संपत्ति की चौड़ाई और लगभग तीन फीट ऊंचाई का होना चाहिए। उक्त बोर्ड पर केवल उसकी दुकान का नाम, पता, व्यापार, संख्या, लोगो या सेवा ही लिखा होना चाहिए। किसी ब्रांड या कंपनी का विज्ञापन नहीं होना चाहिए। किसी भी इमारत की छत पर रूफटॉप बोर्ड लगाने की भी मनाही है।

नगर निगम फगवाड़ा की विज्ञापन शाखा के सुपरडेंट अमित कालिया ने बताया कि विज्ञापन शाखा की तरफ़ से अनाधिकृत विज्ञापनों पर कार्रवाई करते हुए सरकारी परिसरों, सड़कों या पोलों पर लगे बोर्ड को जब्त किया जाता है। दफ़्तर ने इस संबंध में अब तक करीब 250 नोटिस जारी किए हैं, जिनसे जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

जिला रोजगार व कारोबार ब्यूरो की ओर से रयात-बाहरा इंस्टीट्यूट में लगाया गया एक दिवसीय लाइफ स्किलज सैमीनार

• जालंधर ब्रीज.होशियारपुर

जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो होशियारपुर की ओर से रयात-बाहरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में आज एक दिवसीय लाइफ स्किलज सैमीनार का आयोजन किया गया। सैमीनार में कालेज के मैनेजमेंट के विद्यार्थियों की ओर से उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। इस सैमीनार में लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी के माहिर एच.ओ.डी व असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट आफ साफ्ट स्किलज डा. सचिन सद्धरा की ओर से विद्यार्थियों को लाइफ स्किलज के अलग-अलग पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह सारे वे स्किलज है जो कि किसी भी विद्यार्थी की ओर से न केवल अपने कार्य वाले क्षेत्र में बल्कि अपने रोजाना के जीवन में प्रयोग किए जाते हैं। इन स्किलज का प्रयोग करते हुए विद्यार्थी अपनी रोजगार योग्यता व कार्य की क्षमता को बढ़ाते हुए, एक अच्छा जीवन जीने के लिए योग्य बनते हैं। यह सारा सैमीनार गतिविधि आधारित था व इस सैमीनार में समूह विद्यार्थियों की ओर से बहुत उत्साह पूर्वक शमूलियत करते हुए लाइफ स्किलज के अलग-अलग पहलुओं के बारे में जानकारी हासिल की गई।

सैमीनार में प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार की ओर से विद्यार्थियों को रोजगार ब्यूरो की महत्ता व ब्यूरो में दी जाने वाली सुविधाओं जैसे कि बच्चों के भविष्य के कैरीयर के लिए काउंसलिंग, प्लेसमेंट सैल के प्रयास, स्व रोजगार योजनाओं, शार्ट टर्म तकनीकी कोर्सों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा पंजाब सरकार की अलग-अलग नौकरियों व बैंकिंग सैक्टर की नौकरियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगार कार्यालय की मोबाइल एप डी.बी.ई.ई आनलाइन डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस एप पर नौजवान अलग-अलग नौकरियों के लिए जानकारी ले सकते हैं। सैमीनार में इंस्टीट्यूट के 70 विद्यार्थियों ने बहुत उत्साहपूर्वक सैमीनार में भाग लिया गया।

11 महीनों के दौरान आयी शिकायतों में से 98 प्रतिशत का निपटारा : जिम्पा

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

जल सप्लाई और सेनिटेशन मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने जानकारी दी है कि विभाग के शिकायत निवारण केंद्र में 11 महीनों के दौरान आयी शिकायतों में से तकरीबन 98 प्रतिशत का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व अधीन राज्य के गाँवों में साफ़ पीने वाला पानी मुहैया करवाना सरकार की पहल है और इस मकसद के लिए जल सप्लाई और सेनिटेशन विभाग पूरी आस्था और शिद्दत के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि गाँवों को साफ़-सुथरा और कूड़ा मुक्त रखने के लिए भी बहुत सी योजनाओं पर काम हो रहा है। जिम्पा ने कहा कि विभाग की तरफ से जारी टोल फ्री नंबर 1800-180- 2468 पर यदि किसी गाँव वासी या पंचायत की तरफ से जल सप्लाई, आर. ओ. प्लांट, सिवरेज या निजी शौचालयों सम्बन्धी शिकायत मिलती है तो उसका हल सम्बन्धित अधिकारी की तरफ से समयबद्ध तरीके से किया जाता है। इस नंबर पर 1 मार्च, 2022 से लेकर 6 फरवरी, 2023 तक 18 हज़ार 693 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से 18 हज़ार 308 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। शिकायतों का निपटारा करने की यह दर 97.94 प्रतिशत बनती है।

वेस्ट भाजपा प्रभारी ने सभी मंडल प्रभारियों वह मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की

वेस्ट विधानसभा के हर वार्ड व हर बूथ मे कमल खिलायेंगे : अशोक सरीन हिक्की

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर के वेस्ट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी एवं जिला महामंत्री अशोक सरीन (हिक्की) की अध्यक्षता में वेस्ट विधान सभा क्षेत्र में सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं मंडलों के नए लगाए गए प्रभारियों के साथ बैठक की इस मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित पूर्व जिला महामंत्री राजीव ढींगरा, जिला उपाध्यक्ष मनीष विज ,दर्शन भगत ,दविंदर भारद्वाज ,जिला सचिव अमित भाटिया, अश्वनी अटवाल ,योगेश मल्होत्रा, मंडल अध्यक्ष कुणाल शर्मा ,मुनीश बल ,गौरव जोशी, सुदेश भगत, जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष प्रमोद कश्यप, मुख्य रूप से उपस्थित हुए।इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री अशोक सरीन हिक्की ने बताया कि जिला भाजपा प्रधान सुशील शर्मा ने पंजाब भाजपा महामंत्री एवं ज़ोनल प्रभारी जीवन गुप्ता व जिला भाजपा प्रभारी पुष्पिंद्र सिंघल जी से विचार विमर्श कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला पदाधिकारियों को मंडलो का प्रभार सौंपा गया है।जिसमें मंडल नंबर 9 के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष वरुण कंबोज हनी, मंडल नंबर 10 के प्रभारी जिला सचिव अमित भाटिया, मंडल नंबर 11 के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मनीष विज, एवं मंडल नंबर 12 के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार को बनाया गया है।

अशोक सरीन ने कहा वेस्ट विधानसभा के हर बूथ तक मंडलों को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत एवं सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जिससे कि वेस्ट विधान सभा क्षेत्र में सभी कार्यकर्ता मिलकर हर वार्ड एवं हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए मेहनत करेंगे। इस बैठक मे जिला उपाध्यक्ष मनीष विज ने आए हुए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल पार्टी की आधारशिला है अगर मंडल मजबूत है तो पार्टी का आधार अपने क्षेत्र में और मजबूत होगा। वही जिला उपाध्यक्ष दविंद्र भारद्वाज ने सभी मंडल अध्यक्षों से कहा कि वह जल्द से जल्द अपनी नई टीम बनाकर अपना काम शुरू करें क्योंकि लोकसभा एवं नगर निगम के चुनाव बहुत नजदीक हैं।

नौजवान पीढ़ी को कलात्मक रुचियों से जोड़ना अच्छे कल का संकेत : विधायक कर्मवीर सिंह

युवक सेवाएं विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय समाग मीठी यादें छोड़ता हुआ समाप्त

• जालंधर ब्रीज.मुकेरियां

नौजवान पीढ़ी को कलात्मक रुचियों से जोडऩा के एक अच्छे कल का संकेत है। यह विचार विधायक दसूहा कर्मवीर सिंह घुम्मण ने न्यू दशमेश गल्र्ज कालेज चक्क अल्ला बख्ख मुकेरियां में युवक सेवाएं विभाग पंजाब की ओर से करवाए गए दो दिवसीय समागम के दूसरे व अंतिम दिन बतौर मुख्य मेहमान शिरकत करते हुए रखे। खेल व युवक सेवाएं मंत्री पंजाब गुरमीत सिंह मीत हेयर व जिला होशियारपुर के डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल की हिदायत के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को समर्पित करवाए गए इस युवक दिवस समागम के दौरान उन्होंने कहा कि नौजवान पीढ़ी को रचनात्मक कार्यों में लगाकर उनका भविष्य संवारा जा सकता है। समागम के सर्वहितकारी विद्या मंदिर के डायरेक्टर देस राज शर्मा की ओर से स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर विशेष लेक्चर दिया गया। इसके बाद भागीदारों के पोस्टर मेकिंग मुकाबले, स्लोगन लेख मुकाबले, कोलाज मुकाबले व भाषण मुकाबले करवाए गए।

स्लोगन लेखन मुकाबलों में जी.टी.बी खालसा कालेज दसूहा की छात्राओं ने पहला स्थान, दशमेश गल्र्ज कालेज की छात्राओं ने दूसरा स्थान व एम.आर. पी.डी. गर्वमेंट कालेज तलवाड़ा की छात्राओं ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर बनाने के मुकाबले में दशमेश गल्र्ज कालेज की छात्राओं ने पहला, जी.जी. डी.एस.डी कालेज हरियाना की छात्राओं ने दूसरा व एस.पी.एन. कालेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस तरह के कोलाज बनाने के मुकाबले में सरकारी कालेज होशियारपुर ने पहला स्थान, गल्र्ज कालेज ने दूसरा व जी.टी.बी खालसा कालेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। डैक्लामेशन मुकाबलों में जी.टी. बी कालेज दसूहा ने पहला स्थान, एम.आर.पी.डी कालेज तलवाड़ा ने दूसरा, दशमेल गल्र्ज कालेज ने तीसरा स्थान व सर्वहितकारी विद्या मंदिर स्कूल ने कंसलेशन पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में दशमेश गल्र्ज कालेज की छात्राओं की ओर से शानदार गिद्दे की प्रस्तुती की गई।

दो भगौड़े गिरफ्तार

• पीओ स्टाफ जालंधर द्वारा साल 2019 व साल 2023 में भगौड़े ऐलान किए गए सिकंदर सिंह उर्फ बिट्टू निवासी एकता नगर व रिंकू निवासी बस्ती मिट्ठू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

• ईमानदारी व बढ़िया तरीके से ट्रैफिक ड्यूटी करने पर पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चाहल व एडीसीपी ट्रैफिक कवलप्रीत सिंह चाहल द्वारा एएसआई हरदीप सिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सड़कों के नाम, नाम पट्टी, मील पत्थर और साइनबोर्ड पंजाबी में लिखे जाए : डीसी

• जालंधर ब्रीज.कपूरथला

डिप्टी कमिश्नर कपूरथला विशेष सारंगल ने सभी सरकारी दफ़्तरो/विभागों/संस्थानों/बोर्डों/निगमों और गैर-सरकारी संगठनों/सार्वजनिक और निजी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आदेश जारी किए हैं कि उनके नाम, सड़कों के नाम, नाम पट्टी, मील पत्थर और साइनबोर्ड पर सबसे ऊपर पंजाबी में लिखे जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 21.02.2023 तक सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं, दुकानें व निजी संस्थाएं अपने बोर्डों में संशोधन कर लें, अन्यथा पंजाब राज्य भाषा अधिनियम-2008 व 2021 में किए गए प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि जिले में सार्वजनिक स्थानों पर लगे सूचना बोर्ड, पोस्टर आदि में दी जाने वाली जानकारी शुद्ध पंजाबी में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि शब्द संयोजन गलत है तो शब्द संयोजन को ठीक करवा लेना चाहिए। इस मौके पर जिला भाषा अधिकारी जसप्रीत कौर भी मौजूद रही,जिन्होंने जिले के आम व खास लोगों से पंजाब सरकार के निर्देशों का पालन करने की अपील भी की।

पहली पारी में अर्धशतक जड़ रोहित शर्मा ने हासिल किया खास मुकाम



मुंबई. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच नागपुर में खेला जा रहा है। मैच का पहला दिन पूरा हो चुका है। इसमें भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 177 रनों पर ऑलआउट कर दिया। अपनी पहली पारी के लिए बल्लेबाज़ी करने उतरी टीम इंडिया ने दिन खत्म होने तक 1 विकेट के नुकसान पर 77 रन जोड़ लिए। इसमें ओपनिंग पर आए कप्तान रोहित शर्मा ने 56 रनों पर नाबाद लौटे। रोहित ने अपनी इस पारी की बदौलत भारतीय ओपनर के रूप में सर्वाधिक बैटिंग एवरेज हासिल कर लिया है। कम से कम 1000 रनों में रोहित शर्मा वर्तमान में भारत में टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में 69.73 की औसत से रन बना रहे हैं जो टेस्ट इतिहास में घर पर खेलने वाले किसी भी सलामी बल्लेबाज के लिए सबसे अधिक है।

रोहित शर्मा 2019 से ही टेस्ट क्रिकेट में शानदार लय में दिखाई दे रहे हैं। 2019 में उन्होंने 5 टेस्ट मैचों की कुल 6 पारियों में 92.66 की औसत से 556 रन बनाए थे। इसमें उन्होंने 3 शतक जड़े थे। इसके बाद 2021 में उन्होंने 11 टेस्ट मैचों की कुल 21 पारियों में 47.68 की औसत से कुल 906 रन बनाए थे। इसके अगले साल यानी 2022 में उन्होंने सिर्फ 2 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें 30 की औसत से 90 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोहित शर्मा बतौर कप्तान अपना तीसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इस मैच में उन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ा। यह टेस्ट कप्तान के रूप में उनके बल्ले से पहला अर्धशतक था।

प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार ने विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

• जालंधर ब्रीज.जालंधर

जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार ने आज जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में समीक्षा बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने प्रमुख सचिव को अवगत करवाया कि एनएचएआई परियोजना से संबंधित दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के जालंधर में पडते हिस्से की जमीन का अधिग्रहण कर मुआवजा दिया जा चुका है और इस योजना पर काम भी शुरू हो गया है। इसी तरह अमृतसर-बठिंडा ग्रीन फील्ड बाइपास के जिले में पडते जमीन का कब्जा अंतिम चरण में है और इस पर काम शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जालंधर बाइपास प्रोजेक्ट के लिए जरूरी जमीन को कब्जे में लेकर काम शुरू करवाया जा चुका है। डिप्टी कमिश्नर ने प्रमुख सचिव को बताया कि जालंधर आर.ओ.बी. चुगिट्टी का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.